वन प्रभाग, अयोध्या।

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग, अयोध्या

पत्रांक 4409 / 14–4 दिनांकःअयोध्याः 11 जून 2023

सेवा में,

परियोजना निदेशक,
भा0रा0रा0प्राधिकरण,
पयियोजना कार्यान्वयन इकाई,
कमला भवन, हनुमन्त पुरम्, निकट
त्रिपुला चौराहा, रायबरेली।

विषयः– अयोध्या बाईपास (उत्तरी एवं दक्षिणा बाईपास) 4 / 6 लेन के निर्माण में फैजाबाद वन प्रभाग में प्रभावित 1.586 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैरवानिकी प्रयोग एव बाधक 83 वृक्षों के पातन, बस्ती वन प्रभाग में प्रभावित 0.513 हे0 संरक्षित वन के गैरवानिकी प्रयोग एव बाधक 185 वृक्षों के पातन तथा गोण्डा वन प्रभाग में प्रभावित 0.381 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 319 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– उप वन महानिरीक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार का पत्रांक 8बी / यू0पी0 / 06 / 303 / 2022 / एफ.सी दिनांक 12.12..2022, मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक 2062/11–सी–FP/UP/Road/151936/2022, लखनऊ दिनांक 19.12.2022 व पत्रांक 3438 / 11–सी–FP/UP/Road/151936/2022 लखनऊ दि0 05.01.2023।

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करें जो कि वन संरक्षक / क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या को सम्बोधित तथा आप व अन्य सहित अधोहस्ताक्षरी को पृष्ठांकित है जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण के प्रस्ताव में परीक्षणोपरान्त कमियां / अभिलेखों का अभाव पाया गया है। उक्त प्रस्ताव ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर दि0 06.06.2023 को अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर संशोधित कर उचित माध्यम से उच्च स्तर को प्रेषित करने हेतु प्रदर्शित हुआ है।

अतः सन्दर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि सन्दर्भित पत्र में दर्शायी गयी कमियों का निराकरण कर संशोधित पूर्ण बिन्दुवार निराकरण आख्या पाँच प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग, अयोध्या।

पत्रांक / उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि–प्रभागीय वनाधिकारी, गोण्डा एवं बस्ती को इस आशय से प्रेषित कि अधोहस्ताक्षरी उक्त प्रकरण में नोडल अधिकारी नामित हुआ है। अतः उक्त प्रकरण से सम्बन्धित प्रस्ताव की कमियों का निराकरण व निराकरण से सम्बन्धित अभिलेख मूल में इस कार्यालय को उपलब्ध करावें जिससे प्रस्ताव पूर्ण कर उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

प्रतिलिपि–उप प्रभागीय वन अधिकारी, वन प्रभाग अयोध्या को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(सितान्शु पाण्डेय)
प्रभागीय वनाधिकारी
वन प्रभाग, अयोध्या।